StudentBounty.com

# नमूने के प्रश्न–पत्र की योजना 2011 – 2012

कक्षा – XII
विषय – भूगोल
अवधि – 3 घण्टे 15 मिनट पूर्णांक – 56 अंक

1. उद्देश्य हेतु अंकभार –

| क्र.सं. | उद्देश्य | अंकभार | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1. | ज्ञान | 18 | 32.14 |
| 2. | अवबोध अर्थग्रहण | 24 | 42.86 |
| 3. | ज्ञानोपयोग / अभिव्यक्ति | 10 | 17.86 |
| 4. | कौशल / मौलिकता | 04 | 07.14 |
| | | 56 | 100 |

2. प्रश्नों के प्रकारवार अंकभार –

| क्र. सं. | प्रश्नों का प्रकार | प्रश्नों की संख्या | अंक प्रति प्रश्न | कुल अंक प्रतिशत | प्रतिशत | संभावित समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वस्तुनिष्ठ / बहुविकल्पात्मक | – | – | – | – | – |
| 2. | अतिलघुत्तरात्मक | 13 | 01 | 13 | 23.20 | 26 मिनट |
| 3. | लघुत्तरात्मक – I | 11 | 02 | 22 | 39.28 | 45 मिनट |
| 4. | लघुत्तरात्मक – II | 03 | 03 | 09 | 16.07 | 36 मिनट |
| 5. | निबंधात्मक | 03 | 04 | 12 | 21.4 | 60 मिनट |
| | | 30 | | 56 | 100.00 | 167 मिनट |

विकल्प योजना : आन्तरिक पुनरावलोकन :– 13 मिनट

3. विषय वस्तु का अंकभार –

| क्र.सं. | विषय वस्तु | अंकभार | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 | मानव भूगोल | 2 | 3.6 |
| 2 | लोग | 4 | 7.1 |
| 3 | मानव क्रियाकलाप | 8 | 14.3 |
| 4 | परिवहन, संचार और व्यापार | 8 | 14.3 |
| 5 | मानव बस्तियाँ | 4 | 7.1 |
| 6 | मानचित्र कार्य | 2 | 3.6 |
| 7 | लोग | 4 | 7.1 |
| 8 | मानव बस्तियाँ | 4 | 7.1 |
| 9 | संसाधन और विकास | 9 | 16.2 |
| 10 | परिवहन, संचार और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार | 5 | 8.9 |
| 11 | भौगोलिक परिप्रेक्ष्य में चयनित मुद्दे व समस्याएं | 4 | 7.1 |
| 12 | मानचित्र कार्य | 2 | 3.6 |
| | योग | 56 | 100 |

StudentBounty.com

# प्रश्न–पत्र ब्ल्यू प्रिन्ट

कक्षा – **XII**      विषय :– भूगोल      पूर्णांक 56

| क्र. सं. | उद्देश्य इकाई / उप इकाई | ज्ञान | | | | अवबोध | | | | ज्ञानोपयोगी / अभिव्यक्ति | | | | कौशल / मौलिकता | | | | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अति. लघु | लघु. | | निबं. | अति. लघु | लघु. | | निबं. | अति. लघु | लघु. | | निबं. | अति. लघु | लघु. | | निबं. | |
| | | | **SA1** | **SA2** | | | **SA1** | **SA2** | | | **SA1** | **SA2** | | | **SA1** | **SA2** | | |
| 1 | मानव भूगोल | | | | | | 2(1) | | | | | | | | | | | 2(1) |
| 2 | लोग | 1(1) | | | | 1(1) | | | | | 2(1) | | | | | | | 4(3) |
| 3 | मानव क्रियाकलाप | 1(1) | | | | | | | 4(1) ☆ | | | 3(1) | | | | | | 8(3) |
| 4 | परिवहन, संचार और व्यापार | 1(1) | 2(1) | | | 1(1) | | | 4(1) | | | | | | | | | 8(4) |
| 5 | मानव बस्तियाँ | 1(1) | 2(1) | | | 1(1) | | | | | | | | | | | | 4(3) |
| 6 | मानचित्र कार्य | | | | | | | | | | | | | | 2(1) | | | 2(1) |
| 7 | लोग | 1(1) | 2(1) | | | 1(1) | | | | | | | | | | | | 4(3) |
| 8 | मानव बस्तियाँ | 1(1) | | | | 1(1) | | | | | 2(1) | | | | | | | 4(3) |
| 9 | संसाधन और विकास | 1(1) | | | 4(1)☆ | 1(1) | | 3(1) | | | | | | | | | | 9(4) |
| 10 | परिवहन, संचार और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार | | | | | | 2(1) | | | | | 3(1) | | | | | | 5(2) |
| 11 | भौगोलिक परिप्रेक्ष्य में चयनित मुद्दे व समस्याएं | | 2(1) | | | | 2(1) | | | | | | | | | | | 4(2) |
| 12 | मानचित्र कार्य | | | | | | | | | | | | | | 2(1) | | | 2(1) |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | योग | 7(7) | 8(4) | | 4(1) | 6(6) | 6(3) | 3(1) | 8(2) | | 4(2) | 6(2) | | | 4(2) | | | **56(30)** |
| | कुल योग | 19(12) | | | | 23(12) | | | | 10(4) | | | | 4(2) | | | | **56(30)** |

विकल्पों की योजना :– ☆ = प्रश्न संख्या 29 तथा 30

नोटः– कोष्ठक में बाहर की संख्या अंकों की तथा भीतर प्रश्नों की द्योतक है।

हस्ताक्षर

StudentBounty.com

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

## नमूने का प्रश्न–पत्र

कक्षा–12

विषय–भूगोल

अनुक्रमांक

**अवधि– 3 घण्टे 15 मिनट** **पूर्णांक 56 अंक**

सामान्य निर्देश :

1. सभी तीस प्रश्न करने अनिवार्य हैं।
2. प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके सम्मुख अंकित है।
3. प्रश्नों के उत्तर के लिए निर्धारित शब्द सीमा निम्नानुसार है।
   - (i) प्रश्न संख्या 1 से 13 – 20 शब्द ।
   - (ii) प्रश्न संख्या 14 से 22 – 60 शब्द ।
   - (iii) प्रश्न संख्या 25 से 27 – 100 शब्द ।
   - (iv) प्रश्न संख्या 28 से 30 – 250 शब्द ।
4. प्रश्न संख्या 23 व 24 मानचित्र आधारित प्रश्न हैं।
5. विश्व व भारत के उपलब्ध कराए गए रेखा मानचित्रों को उत्तर पुस्तिका के साथ नत्थी करें।
6. प्रश्न संख्या 29 व 30 में आन्तरिक विकल्प दिए गए हैं।

---

**खण्ड 'अ'**

1. राजस्थान के दो प्रमुख पर्यटन नगरों के नाम लिखिए । 1
2. हिमाच्छादित मैदानों में स्लेज खींचनें वाले दो पशुओं के नाम लिखिए। 1
3. पाइप लाईन द्वारा कहाँ से कहाँ तक तेल आपूर्ति होती है। 1
4. भारत में विश्व के कितने प्रतिशत चावल और गेहूँ का उत्पादन होता है ? 1
5. भारत का विश्व के मानव विकास सूचकांक के कोटिक्रम में कौन–सा स्थान है ? कौन–सा राज्य भारत के राज्यों के मानव विकास सूचकांक के कोटिक्रम में सर्वोच्च है ? 1

StudentBounty.com

6. निम्नांकित तालिका में रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

विकास के आधार पर भारतीय नगर

| .......................................... | मध्यकालीन नगर | .......................................... |
|---|---|---|

7. उप–नगरीकरण क्या है ? 1

8. जनसंख्या का घनत्व ज्ञात करने का सूत्र लिखिए । 1

9. मानव विकास सूचकांक की दृष्टि से उच्च सूचकांक मूल्य वाले देशों की तुलना मध्यम सूचकांक मूल्य वाले देशों से कीजिए। 1

10. आर्थिक क्रिया क्या है ? 1

11. वृत्ताकार प्रतिरूप किस प्रकार विकसित होते हैं ? 1

12. 1960 के दशक के मध्य में ''योजना अवकाश '' को लिए जाने का एक कारण लिखिए। 1

13. भारत के नदीय मैदानों में सदैव ही जनसंख्या का सांद्रण रहा है। एक कारण लिखिए। 1

## खण्ड 'ब'

14. मापदण्ड एवं गुणवत्ता के आधार पर संचार के साधनों को वर्गीकृत कीजिए। 2

15. प्रदूषण के विभिन्न प्रकार कौन–कौन से हैं ? किसी एक प्रकार प्रदूषण के प्रमुख स्त्रोत लिखिए। 2

16. ग्रामीण बस्तियों की चार प्रमुख समस्याएं लिखिए। 2

17. निम्नांकित तालिका का अध्ययन कीजिए तथा दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2

भारत – वर्गानुसार शहरों और नगरों की संख्या एवं उनकी जनसंख्या, 2011

| वर्ग | जनसंख्या का आकार | संख्या | जनसंख्या (दस लाख) | नगरीय जनसंख्या का प्रतिशत | प्रतिशत वृद्धि (1991–2001) |
|---|---|---|---|---|---|
| सभी वर्गों का योग | | 5161 | 285.35 | 100 | 31.13 |
| I | 100000 और अधिक | 423 | 172.04 | 61.48 | 23.12 |
| II | 50,000–99,999 | 498 | 34.43 | 12.3 | 43.45 |
| III | 20,000–49,999 | 1386 | 41.97 | 15.0 | 46.19 |
| IV | 10,000–19,999 | 1560 | 22.6 | 8.08 | 32.94 |

StudentBounty.com

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| V | 5,000–9,999 | 1057 | 7.98 | 2.85 | [illegible] |
| VI | 5,000 से कम | 227 | 0.8 | 0.29 | 21.[illegible] |

(i) नगरों के किस जनसंख्या आकार में नगरीय जनसंख्या का प्रतिशत सर्वाधिक है ?

(ii) किस वर्ग में नगरों की संख्या सर्वाधिक है ?

(iii) सर्वाधिक नगरीय जनसंख्या वाले वर्ग में 1991–2001 के मध्य जनसंख्या की प्रतिशत वृद्धि कितनी रही है ?

(iv) न्यूनतम नगर संख्या वाले वर्ग में कुल कितनी जनसंख्या निवास करती है ?

18. उपनिवेश काल में अंग्रेजों ने भारतीय श्रमिकों को किन क्षेत्रों में भेजा था ? इन्हें किस कार्य के लिए भेजा गया था ? 2

19 सम्भववाद एवं पर्यावरणीय निश्चयवाद की तुलना कीजिए । 2

20. 60 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के विशाल अनुपात से किसी देश के विकास पर पड़ने वाले दो प्रभावों का अनुमान लगाइए। 2

21. भारत में नगरीय अपशिष्ट का निपटान किस प्रकार किया जाता है ? 2

22. यदि विश्व के सभी परिवहन के साधन एक माह के लिए ठप्प हो जाएँ तो वाणिज्य एवं व्यापार की विभिन्न सेवाओं पर क्या–क्या प्रभाव पड़ेगें ? 2

23. भारत के दिए गए रेखा मानचित्र में निम्नांकित को उचित चिन्हों द्वारा दर्शाइए : 2

(i) विशाखापट्‌टनम बन्दरगाह (ii) कहवा उत्पादक क्षेत्र

(iii) हुगली औद्योगिक क्षेत्र (iv) इन्दिरा गांधी नहर कमांड क्षेत्र

24 विश्व के दिए गए रेखा मानचित्र में निम्नांकित को उचित चिन्हों द्वारा दर्शाइए : 2

(i) आस्ट्रेलियाई पार महाद्वीपीय रेलमार्ग (आरम्भिक व अन्तिम स्थान के नाम अंकित करें)

(ii) अफ्रीका और एशिया में चलवासी पशुचारण क्षेत्र

## खण्ड 'स'

25 राऊरकेला इस्पात संयन्त्र और भिलाई इस्पात संयन्त्र की तुलना निम्नाकिंत आधारों पर कीजिए : 3

(i) स्थिति

(ii) कच्चा माल प्राप्ति के स्त्रोत

(iii) जल और ऊर्जा आपूर्ति

StudentBounty.com

26. अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार क्या है ? इसके प्रकारों का वर्णन कीजिए।

27 भारत का आयात भार कम करने के लिए आप निम्नांकित सूची में से ऐसे कौन–सी चुनाव करेगें जिनके विकल्प देश में ही विकसित किए जा सकते हैं ? किन्ही दो व विकल्प भी सुझाइए। 3

भारत में प्रमुख वस्तुओं का आयात (करोड़ रू. में)

| वस्तुएं | 2004–05 |
|---|---|
| उर्वरक | 5,53 |
| खाद्य तेल | 1075 |
| लुगदी तथा अपशिष्ट पेपर | 212 |
| पेपर बोर्ड | 304 |
| अखबारी कागज | 170 |
| अलौह धातुएं | 563 |
| धातुमयी अयस्क | 1065 |
| लोहा व स्टील | 1167 |
| पैट्रोलियम अपरिष्कृत एवं उत्पाद | 13409 |
| मोती, बहुमूल्य व अल्प मूल्य | 4234 |
| मशीनरी | 4812 |
| दालें | 1258 |
| कोयला, कोक तथा इष्टिका | 203 |
| गैर धात्विक खनिज विनिर्माण | 2397 |
| चिकित्सकीय एवं फार्मा उत्पाद | 627 |
| रासायनिक उत्पाद | 246 |
| अन्य वस्त्र धागे, कपड़े इत्यादि | 398 |
| व्यावसायिक उपस्कर | 4375 |
| स्वर्ण व चांदी | 4863 |

**खण्ड 'द'**

28. स्वेज नहर और पनामा नहर की व्याख्या निम्नांकित बिन्दुओं के आधार पर कीजिए : 2+2=4

(i) स्थिति (ii) आन्तरिक जल मार्ग के रूप में महत्व

29. वर्षा जल संग्रहण क्या है ? इसके किन्हीं छह लाभों का वर्णन कीजिए । 1+3=4

अथवा

अपरम्परागत ऊर्जा स्त्रोत क्या है ? इसके किन्हीं तीन प्रकारों का वर्णन कीजिए।

30. बड़े पैमाने पर होने वाले विनिर्माण की विशेषताएं बताइए। 4

अथवा

कच्चे माले के आधार पर स्थापित होने वाले विनिर्माण उद्योगों का वर्गीकरण कीजिए।